फैक्स/विधान सभा आश्वासन/समयबद्ध

संख्या-32 /2016/533/एक-6-2016-ए0क्यू0-01(01)/2007

प्रेषक,

मनोज कुमार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद,
उ0प्र0 लखनऊ ।

राजस्व अनुभाग-6 **लखनऊ दिनांक 20 मई, 2016**

विषय: राजकीय आस्थान की भूमि को नजूल की भूमि की तरह फ्री होल्ड किये जाने हेतु नियमावली बनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-492/एक-6-2016-ए0क्यू0-01(01)/2007, दिनांक 16-05-2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें। जिसके द्वारा सरकारी सम्पत्ति के प्रबन्ध (फ्री-होल्ड) से सम्बन्धित (संशोधन) नियमावली, 2005 पर आपत्तियॉ एवं सुझाव प्राप्त करने हेतु दो समाचार पत्रों में प्रकाशन कराये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 विधान सभा की सरकारी आश्वासन समिति (2015-16) की बैठक दिनांक 25-5-2016 को निधारित है। उक्त बैठक में साक्ष्य हेतु प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग, उ0प्र0 शासन को आमंत्रित किया गया है। जिसमें प्रश्नगत प्रकरण से सम्बन्धित विधान सभा आश्वासन पर भी प्रमुख सचिव महोदय का साक्ष्य होना है।

3- अत: आपसे पुन: अनुरोध है कि कृपया शासन के उक्त पत्र दिनांक 16-5-2016 में की गयी अपेक्षानुसार प्रस्तावित नियमावली को दो समाचार पत्रों में प्रकाशित कराकर इसकी सूचना शासन को दिनांक 23-5-2016 तक अवश्य उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(मनोज कुमार)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in